हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

12 फतेहाबाद जिले से 46 महिलाएं संसद की कार्यवाही देखने पहुंची दिल्ली...



12 बिजली विभाग के एक्सईएन का प्रजापति समाज ने किया नागरिक अभिनंदन



## खबर संक्षेप

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर परिचर्चा

**सिरसा।** सीएमके नेशनल पीजी कॉलेज में शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पक्ष और विपक्ष विषय पर विचर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र बबीता मल्होत्रा, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग संगीता नंदा, विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान डॉ. अनु कथूरिया तथा विभागाध्यक्ष, हिंदी डॉ. आरती बंसल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विद्यार्थियों ने भी इस विषय पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत किए।

### अब गांव धांगड़ के लिए खुला ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल

**फतेहाबाद।** जिला राजस्व अधिकारी श्यामलाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च/अप्रैल 2026 के दौरान ओलावृष्टि व वर्षा से रबी फसलों को हुए नुकसान के मद्देनजर सरकार द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट आईएन को 23 अप्रैल तक खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि गांव धांगड़ के किसान इस अवधि के दौरान पोर्टल पर अपनी फसल नुकसान की क्लेम ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। डीआरओ ने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित 23 अप्रैल समय सीमा के भीतर अपने दावे संबंधित दस्तावेजों सहित पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

### महाराज अरुट जी की जयंती को राज्य स्तर पर मनाएं

**फतेहाबाद।** महाराज अरुट जयंती को राज्य स्तर पर मनाए जाने की मांग अब जोर पकड़ती जा रही है। इस कड़ी में नगर परिषद फतेहाबाद के पूर्व प्रधान एवं पंजाबी नेता दर्शन नागपाल ने हरियाणा सरकार से मांग करते हुए कहा है कि 30 मई को मनाई जाने वाली महाराज अरुट की जयंती को प्रदेश स्तर पर भव्य रूप से आयोजित किया जाए। दर्शन नागपाल ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश सरकार विभिन्न महापुरुषों की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाकर उनके आदर्शों का प्रचार-प्रसार कर रही है, उसी प्रकार महाराज अरुट जी की जयंती को भी राज्य स्तरीय समारोह के रूप में मनाया जाना चाहिए।

### 6.16 ग्राम हेरोइन सहित एक नशा तस्कर को किया काबू

**फतेहाबाद।** थाना भुना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वार्ड नंबर 3, भुना निवासी प्रवीण पुत्र हनुमान सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि एएसआई मेजर सिंह अपनी टीम के साथ भुना-फतेहाबाद रोड पर गश्त और नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए तैनात थे।

### बाइक सवार 12 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गांव सुखचैन क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को 12 ग्राम 02 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी ने बताया कि पुलिस की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव सुखचैन की तरफ जा रही थी।

### बुलेट-बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत, युवक घायल

**सिरसा।** जीवननगर से करीवाला रोड पर गांव दमदमा के समीप बुलेट और मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में 81 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र आत्मा सिंह निवासी गांव दमदमा के रूप में हुई है।

## गेहूं कटाई रुकी, उठान सिर्फ 7 प्रतिशत

# बरसात से खुले में पड़ा 51 लाख क्विंटल गेहूं भीगा, कम्बाइनों पर लगे ब्रेक

**तेज धूप के बाद गेहूं सूखेगी और उसके बाद ही कटाई शुरू हो पाएगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते फतेहाबाद जिले में शुक्रवार दोपहर को बादल छा गए और उसके बाद हलकी बारिश शुरू हो गई। बारिश करीब आधा घंटे तक चली। इस बेमौसमी बारिश के चलते मंडियों में खुले में पड़ा करीब 51 लाख क्विंटल गेहूं भीग गया। इस बारिश के बाद किसानों ने फिलहाल गेहूं कटाई का काम रोक दिया है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि एक बार गेहूं भीग गई है, जिस कारण कम्बाइन से कटाई संभव नहीं है। अब तेज धूप के बाद गेहूं सूखेगी और उसके बाद ही कटाई शुरू हो पाएगी। बता दें कि जिले में अब तक 55 लाख 23 हजार 778 क्विंटल गेहूं की आवक हुई है। जिसमें से खरीद एजेंसियों ने 26 लाख 99 हजार 165 क्विंटल गेहूं की खरीद की है। खास बात यह है कि अब तक उठान मात्र 3 लाख 82 हजार 230 क्विंटल का ही हो पाया है। शेष गेहूं मंडियों में पड़ी हुई है। मौसम विभाग ने पिछले दिनों 17 व 18 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते मौसम खराब होने की संभावना जताई थी। इससे पूर्व वीरवार तक जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आज हलकी बारिश के बाद तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 38 व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दरअसल थोड़ी देर बारिश हुई तो उसके बाद धूप निकल आई, जिस कारण वातावरण में अत्याधिक नमी और उमस का वातावरण रहा। उधर शुक्रवार तक फतेहाबाद जिले की 7 मंडियों और 44 खरीद केंद्रों पर 55 लाख 23 हजार 778 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। इतनी रफ्तार से गेहूं की आवक होने से खरीद एजेंसियों के हाथ-पांव कांप रहे हैं। पहले से लिफ्टिंग के लिए तैयार न होने के कारण शुक्रवार तक कुल आवक में से मात्र 3 लाख 82 हजार 230 क्विंटल गेहूं की ही लिफ्टिंग हो पाई है। हैरानीजनक तथ्य है कि अभी तक केवल सात प्रतिशत ही गेहूं का उठान हुआ है। 93 प्रतिशत गेहूं मंडियों में ही पड़ा है। बता दें कि एचएयू हिसार के मौसम विभाग ने आज शनिवार को भी पश्चिमी विक्षोभ से मौसम बिगड़ने की की संभावना जताई है। ऐसे में मंडियों में गेहूं भीगना लाजिमी है। जिले में शुक्रवार तक 79226 किसानों के गेट पास जारी किए जा चुके हैं।



फतेहाबाद। बरसात से मंडियों में भीगा गेहूं। फोटो: हरिभूमि

### मंडियों में 2,74000 मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के 40 हजार 49 किसानों की तीन लाख 52 हजार 567 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 22118 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 274294 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी 56155 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि अबूबशहर मंडी में 9807 मीट्रिक टन, बड़ागुढ़ा मंडी में 11,830 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 19583 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 10625 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 18934 मीट्रिक टन, गंगा मंडी में 5330 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 7731 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 32675 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 13395 मीट्रिक टन, औढां मंडी में 8111 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 16675 मीट्रिक टन, सिरसा मंडी में 36300 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई, साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं की आवक जारी है।

### किसान नुकसान की भरपाई को ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 23 तक करवाएं दर्ज

**सिरसा।** जिला में गत दिनों ओलावृष्टि व तेज वर्षा के कारण रबी 2025-26 की फसलों को हुए नुकसान के संबंध में विवरण दर्ज कराने के लिए प्रभावित गांवों के किसानों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। प्रभावित 10 गांवों के किसान 23 अप्रैल तक फसलों को हुए नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं। जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिले के कई गांवों में ओलावृष्टि व तेज वर्षा के चलते फसलों को नुकसान हुआ है। नुकसान का विवरण दर्ज करवाने के लिए सिरसा जिला के 10 गांवों के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। तहसील डबवाली के गांव मसीतां, मौजगढ़, पन्नीवाला रूलदु, देसूजोधा के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। इसी तरह गोरीवाला उप तहसील के गांव लंबी, मोडी, गोदिकां, कालूआना व गंगा तथा रानियां तहसील का रानियां भी शामिल हैं। उपरोक्त गांवों के किसान 23 अप्रैल तक अपनी फसलों को हुए नुकसान का विवरण पोर्टल पर दर्ज करवा सकते हैं।

### गेहूं खरीद के आंकड़े

| | |
|---|---|
| कुल आवक | 5523778 क्विंटल |
| कुल खरीद | 2699165 क्विंटल |
| कुल उठान | 382230 क्विंटल |
| खुले में पड़ा गेहूं | 5141548 क्विंटल |

### मंडियों में गेहूं की आवक

| मंडी | आवक | खरीद | उठान |
|---|---|---|---|
| फतेहाबाद | 885331 | 560608 | 94699 |
| भट्टू | 463791 | 219623 | 40649 |
| भुना | 1126260 | 394638 | 34884 |
| रतिया | 1402563 | 601184 | 102313 |
| टोहाना | 815118 | 462634 | 74747 |
| जाखल | 357547 | 224691 | 23113 |
| धारसूल | 473168 | 228787 | 11824 |
| कुल | 5523778 | 2699165 | 382230 |

(आंकड़े क्विंटल में)

### किसानों के लिए समस्याएं

- मंडियों में जगह खत्म, ट्रैक्टर ट्रॉलियां लाइन में
- खरीद एजेंसियां नमी का हवाला देकर टाल रही खरीद
- बारिश का खतरा, फसल खराब होने की आशंका
- प्रशासन के आदेशों का जमीनी स्तर पर असर नहीं

### आवक बढ़ी तो एजेंसियां खरीद से पीछे हटती दिखी

*बता दें कि सरकार ने 1 अप्रैल से खरीद शुरू करने का दावा किया था, लेकिन खराब मौसम के चलते देरी हुई और अब जब आवक बढ़ी तो एजेंसियां खरीद से पीछे हटती नजर आ रही थी। एक बार फिर बारिश से फसल भीग चुकी है। ऐसे में कुछ दिन मंडियों में गेहूं की आवक में कमी आ सकती है। खरीद एजेंसियों का भी प्रयास है कि इन्हीं दिनों में लिफ्टिंग में तेजी लाई जाए।*



सिरसा। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते जजपा कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

# गेहूं खरीद की शर्तें हटाने के लिए जजपा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭चौपटा

अनाज मंडी में गेहूं की खरीद पर सरकार द्वारा लगाई गई अनावश्यक शर्तें हटाने को लेकर जजपा हलका प्रधान ऐलनाबाद अनिल कासनिया की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार चोपटा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। राज्यपाल के नाम सौंपे ज्ञापन में अनिल कासनिया, त्रिलोकचंद, दलीप सिंह, धर्मपाल, विनोद कुमार, सतपाल, साधुराम, विनोद कुमार, धर्मबीर बगडिय़ा, हीरालाल, पवन, रजनीश, हार्तिक वेदपाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने बताया कि हरियाणा सरकार ने अनावश्यक शर्तें व नियम गेहूं की खरीद पर लगा रखे हैं, जिन्हे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। इन शर्तों की वजह से वर्तमान में अनाज मङ्क्षडयों में गेहूं की बिक्री को लेकर किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि बायोमैट्रिक पोर्टल जैसी कठिन प्रक्रिया को हटाकर पुराने तरीके से गेहूं की खरीद की जाए। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट अंकित जैसी शर्तों को हटाया जाए। किसानों को उनकी फसल का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अन्दर करवाया जाए। मंडी में पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। किसानों के लिए बने विश्राम गृह को किसानहित में उपयोग में लाया जाए। उपरोक्त समस्याओं को दूर करने के साथ-साथ गेहूं की खरीद व उठान की प्रक्रिया को तेज किया जाए। जजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से गुहार लगाई कि किसान हितों को ध्यान में रखते हुए तुरंत उचित कदम उठाए जाएं।

### धीमी खरीद प्रक्रिया से किसान परेशान: सैलजा

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की मंडियों में गेहूं खरीद की धीमी गति, अव्यवस्था और किसानों के लंबित भुगतानों को लेकर प्रदेश सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों में गेहूं की रिकॉर्ड आवक के बावजूद खरीद प्रक्रिया अत्यंत धीमी है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सैलजा ने मांग की कि खरीद प्रक्रिया को तुरंत तेज किया जाए ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडियों में पर्याप्त स्थान, उठान और भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों की फसल सुरक्षित रह सके। उन्होंने यह भी कहा कि जो गेहूं खरीदा जा चुका है, उसका लंबित भुगतान तुरंत किसानों के खातों में डाला जाए। भुगतान में देरी किसानों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर रही है, जिसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का रुख हमेशा स्पष्ट, सकारात्मक और महिलाओं के अधिकारों के पक्ष में रहा है।

# जेजेपी नेता की गैस एजेंसी पर सीएम फ्लाइंग की रेड

- रिकॉर्ड में खामियां मिलने पर गोदाम को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

एलपीजी सिलैंडरों की कालाबाजारी की मिल रही शिकायतों पर एक्शन लेते हुए मुख्यमंत्री उडऩदस्ता और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात जिले के शहर टोहाना में डांगरा रोड स्थित 'रसोई गैस एजेंसी' पर छापेमारी की। जांच के दौरान स्टॉक और रिकॉर्ड में भारी अनियमितताएं पाए जाने के बाद विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एजेंसी को सील कर दिया है। यह कार्रवाई पिछले काफी समय से गैस सिलेंडरों के वितरण में बरती जा रही लापरवाही और उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर की गई। हाल ही में वार्ड-2 के निवासी सतपाल ने प्रधानमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र लिखकर शहर की दो गैस एजेंसियों पर कार्रवाई की मांग की थी।शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एजेंसी संचालक जान-बूझकर व्यवस्था में गड़बड़ी कर सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। गौरतलब है कि इस एजेंसी की संचालिका माया देवी के पति हवासिंह खोबड़ा जननायक जनता पार्टी के नेता हैं और वर्ष 2024 का विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।



फतेहाबाद। टोहाना में गैस एजेंसी को सील करते विभाग के कर्मचारी।

### जरूरी दस्तावेज नहीं दिखा सके

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी निर्दोष पूनिया ने बताया कि छापेमारी के समय हवासिंह मौके पर मौजूद थे, लेकिन एजेंसी का स्टाफ मौके पर स्टॉक से संबंधित जरूरी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। निरीक्षण के दौरान यहां से 516 खाली सिलेंडर, 17 भरे हुए सिलेंडर, 343 छोटे सिलेंडर तथा 51 कमर्शियल सिलेंडर मिले। अधिकारी ने बताया कि रिकॉर्ड और मौके पर मौजूद सिलेंडर की संख्या में तालमेल न होने के कारण एजेंसी को सील करने का निर्णय लिया गया। विभाग ने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आगामी कार्रवाई के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को भेज दी है। इस छापेमारी के बाद शहर के अन्य गैस एजेंसी संचालकों में भी हडक़ंप मचा हुआ है।

### 38 लाख की ठगी कर दंपती फरार

**सिरसा।** जिला में इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारी से क्रेडिट कार्ड के जरिए 38 लाख की ठगी की घटना सामने आई है। आरोपी दंपती घटना के बाद फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में बेगू रोड एरिया निवासी युवक ने बताया कि वह पिछले कई सालों से इंश्योरेंस सेक्टर में नौकरी करता है। पिछले डेढ साल से आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस में जॉब करता है। इसके साथ एचडीएफसी बैंक में लोन का काम करता है। डेढ साल पहले वह अग्रसेन कॉलोनी निवासी साकेत अग्रवाल से पॉलिसी के दौरान मिला। साकेत की पत्नी कोमल की पॉलिसी की थी। साकेत ने उसे लुभावनी बातों में फंसा लिया और कहा, वह राधिका रिटेल, प्राइवेट लिमिटिड सदर बाजार सिरसा में बतौर मैनेजर कार्यरत है। इस फर्म में रोजाना लाखों रुपए इलेक्ट्रिक सामान क्रेडिट कार्ड पर मंगवाते हैं और उसे बेचकर मुनाफा कमाते हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखूंगा अपना पक्ष: जरनैल सिंह

शायद मुख्यमंत्री की तारीफ करने के कारण आया निशाने पर

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

रतिया विधानसभा क्षेत्र से दो बार कांग्रेस को जीत दिलाने वाले विधायक जरनैल सिंह ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं पर उनके खिलाफ 'प्रोपेगेंडा' रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे आज भी कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं और इस पूरे मामले को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से मिलकर अपना पक्ष रखने का प्रयास करेंगे। रतिया अनाज मंडी में अपने समर्थक गुरनाम सिंह की दुकान पर कार्यकर्ताओं से चर्चा के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए जरनैल सिंह ने अपना दर्द साझा किया। उन्होंने कहा कि उनके 40 वर्ष के राजनीतिक करियर में ईमानदारी ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी रही है।



रतिया। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक जरनैल सिंह। फोटो: हरिभूमि

### मुख्यमंत्री से मिलना कोई अपराध नहीं

विधायक ने कड़े शब्दों में कहा कि रतिया की जनता का विश्वास ही उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा की क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए मैं पहले भी मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलता रहा हूँ और भविष्य में भी रतिया की जनता के काम करवाने के लिए उनसे मिलता रहूंगा। विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिलना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने दोहराया कि यदि राहुल गांधी उन्हें समय देते हैं, तो वह दिल्ली जाकर उनके समक्ष पूरी स्थिति स्पष्ट करेंगे। कांग्रेस के पूर्व में अध्यक्ष रहे लेखराज लाली ने भी कांग्रेस पार्टी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि विधायक जरनैल सिंह ने पार्टी को क्षेत्र में मजबूती प्रदान करते हुए दो बार पार्टी को जितवाया है तथा तथा पार्टी के नोटिस का अभी पार्टी का कार्यकर्ता होने के चलते जवाब दिया था इसके बावजूद भी एक तरफा कार्रवाई करना पार्टी का सही निर्णय नहीं है।

## स्कूल में अवार्ड सेरेमनी, पूर्व विधायक दुड़ाराम व जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने किया सम्मानित

# स्कॉलर्ज स्कूल का वंश बना जिले का टॉपर, स्कूल में मनाया गया जश्न

10वीं में वंश ने 500 में से 494 यानि 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यह उपलब्धि हासिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

भूना रोड स्थित स्कॉलर्ज कॉन्वेंट स्कूल में आज एक भव्य अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई द्वारा हाल ही में जारी दसवीं की परीक्षा परिणाम में फतेहाबाद जिले के सभी स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल करने वाले जिला टॉपर वंश फुटेला सुपुत्र राज कुमार सहित स्कूल के अन्य प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। 10वीं में वंश ने 500 में से 494 यानि 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके यह उपलब्धि हासिल की है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक दूड़ा राम ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने की। उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावको को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक दुड़ा राम ने कहा कि अपने स्थापना के थोड़े ही समय में स्कॉलर्ज कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने जिस प्रकार लगातार उपलब्धियां हासिल करते हुए इस वर्ष सीबीएसई के दसवीं के परिणाम में प्रथम स्थान हासिल किया है, वह वास्तव में स्कूल के बच्चों, कुशल स्टाफ व मैनेजमेंट के नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 44 वर्ष पहले जिस पौधे की नींव दिवंगत शिक्षाविद् बनवारी लाल तनेजा ने रखी थी।



फतेहाबाद। स्कॉलर्ज स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### मेधावियों को पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

इस अवसर पर जिले के टॉपर वंश सहित द्वितीय स्थान हासिल करने वाले पंचम, तृतीय स्थान हासिल करने वाले दिव्यांशी व ईशा को पगड़ी व माला पहनाकर प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि देकर विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इसी के साथ उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र छात्राओं अन्वी सिंह, कशिश, पुनीत कुमार, आयुष तेजस्वी, रिचा, सुनिधि, तोषिका, आदित्य कासवान, रोबिन, मानसी चंदेल, दीपिका, पलक, भव्य, रोहित कुमार, आर्यन, स्नेहा सैनी, पार्थ छाबड़ा, स्मृति, हर्षिता, रोहित, जतिन, साक्षी, वात्सलय, कुशाल ग्रोवर, खुशी, दृष्टि, कुशाल मुटरेजा, युविन सहारण, अवि कुमार, विदुषी, आंनद और दक्ष कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दसवीं कक्षा को पढ़ाने वाले अध्यापकों को भी स्कूल प्रिंसिपल ज्योति शैलेन भास्कर व वाईस प्रिंसिपल सुमन नागपाल द्वारा सम्मानित किया गया। जिले के टॉपर वंश व अन्य छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल डायरेक्टर श्री शैलेन भास्कर, समर्पित स्टॉफ व सहयोगी छात्रों को देते हुए आगे भी इस प्रकार मेहनत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# हेरोइन बरामदगी मामला: चार नशा तस्कर और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सीआईए कालांवाली पुलिस ने करीब तीन करोड़ रुपए की 01.485 किलोग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में संलिप्त अन्य 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान श्रवण उर्फ नाडू निवासी शहबाजपुर, तरनतारन, नवदीप सिंह निवासी सरदारगढ़, बठिंडा, अर्शदीप उर्फ अर्श उर्फ कबूतर निवासी ढाणी चिराग अबोहर व हरतेच सिंह उर्फ कालू निवासी शहबाजपुर तरनतारन पंजाब के रूप में हुई है। सीआईए कालांवाली प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गश्त पड़ताल के दौरान कार्रवाई करते हुए डेरा कैंटीन, डबवाली-सिरसा रोड पर खड़ी एक कार की घेराबंदी कर कार में बैठे तीन व्यक्तियों लवप्रीत निवासी सवाईपुर जिला तरनतारन, राजदीप उर्फ अकू निवासी बाबा जीवन सिंह, जिला अबोहर तथा अमनिंदर उर्फ अबू निवासी सरदारगढ़,जिला बठिंडा (पंजाब) को काबू किया। नशीला पदार्थ होने के शक पर उक्त युवकों सहित कार की नियमानुसार तलाशी लेने पर कार के गियर बॉक्स के पास एक पॉलिथीन में से 01.485 किलो ग्राम हैरोइन बरामद हुई। तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।




सिरसा। हेरोइन के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।



# यश ने रावण के कॉस्ट्यूम को बताया बहुत भारी

**मुंबई।** सिनेमाकॉन फेस्टिवल में शामिल हुए यश ने मीडिया से बातचीत में अपने रावण के कॉस्ट्यूम के बारे में खुलकर बात की। टीम ने काले और सुनहरे रंग के रावण के कॉस्ट्यूम को प्रदर्शनी के लिए रखा था। इसमें एक बड़ा सुनहरा मुकुट, बॉडी आर्मर, शोल्डर पैड और आर्म कफ शामिल था। यश ने बताया कि 'मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं किया। इस तरह के कॉस्ट्यूम और मुकुट पहनना, सच कहूं तो, काफी भारी था। हम इस बात को लेकर बहुत उत्सुक थे कि यह कैसा दिखेगा। असली जैसा लुक पाने की कोशिश में, यह आखिर में बहुत भारी हो गया। मुझे (शूट के) बीच-बीच में इसे उतारना पड़ता था। हालांकि यह बहुत शानदार था।' उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब आप कॉस्ट्यूम पहन लेते हैं, तो आप किरदार को महसूस करने लगते हैं। मेरे साथ हमेशा ऐसा ही होता है।

लाइफ Style

# पत्रलेखा

## बढ़े वजन पर कमेंट करने वालों को लताड़ा




एक्ट्रेस पत्रलेखा इस वक्त बुरी तरह भड़की हुई हैं। उन्होंने पपाराजी और पैप पेजेस को तगड़ी फटकार लगाई है, जिन्होंने हाल ही उन्हें बॉडी शेम किया और अजीबो-गरीब कमेंट्स किए। पत्रलेखा ने नवबंर 2025 में एक बेटी को जन्म दिया और उसके पांच महीने बाद वह हाल ही पति राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' की स्क्रीनिंग में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पत्रलेखा के बढ़े वजन और बॉडी पर कुछ पेप पेजेस ने अजीब कमेंट्स किए, जिन पर एक्ट्रेस बिफर गईं और कहा कि उन्होंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। कई नेटिजंस ने भी एक्ट्रेस को बॉडी शेम किया। पत्रलेखा ने पपाराजी को लताड़ते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट लिखा। साथ ही लोगों से अपील की कि वो थोड़ी सहानुभूति दिखाएं। उन्होंने लिखा, 'पैप पेजेस! मुझे क्या हो गया है? बात ये है कि मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। हां, मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है।' मैंने अभी-अभी बच्चा पैदा किया है। मेरा वजन बढ़ गया है, जो आप सबको अजीब लग रहा होगा। मैंने कोई पहाड़ नहीं खाया है। मैंने एक बच्चे को जन्म दिया है और साथ ही दो फिल्में प्रोड्यूस की हैं, जो आसान काम नहीं है। पत्रलेखा ने आगे लिखा, 'अगर मेरे बस में होता, तो मैं ऐसी नहीं होती। लेकिन प्रेग्नेंसी के कारण मेरी बॉडी ने ऐसे ही रिएक्ट किया है। भगवान के लिए प्लीज थोड़ा दयालु होना सीखें।' पत्रलेखा के कॅरियर की बात करें, तो वह साल 2025 में फिल्म 'फुले' में नजर आई थीं, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था। पत्रलेखा ने 9 जुलाई 2025 को प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और शादी की चौथी सालगिरह पर वह बेटी की मां बनीं।

## हॉलीवुड मसाला




# स्ट्रीट फाइटर से धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के एक्शन स्टार विद्युत जामवाल धमाकेदार हॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। उनकी फिल्म स्ट्रीट फाइटर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें वह नोआ सेंटिनियो, जेसन मोमोआ और एंड्र्यू कोजी जैसे सुपरस्टार्स के साथ एक्शन करते नजर आ रहे हैं। मेकर्स ने करीब 3 मिनट का जो ट्रेलर जारी किया है, उसमें भरदम लड़ाई और बॉक्सिंग रिंग से लेकर जिंदगी की जंग नजर आ रही है। यह फिल्म इसी साल 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। कहना होगा कि विद्युत जामवाल का लुक खतरनाक दिख रहा है। उनकी टोन्ड बॉडी और बाल्ड लुक पर फैंस अभी से दिल हार रहे हैं। डायरेक्टर किताओ सकुराई की यह फिल्म बेहद पॉपुलर वीडियो गेम 'स्ट्रीट फाइटर' पर आधारित है।



# स्टीवन ने की क्रिस्टोफर की जमकर तारीफ

**लॉस एंजिल्स।** 'इंटरस्टेलर' काफी पॉपुलर फिल्म है और दर्शकों द्वारा इस इसे काफी सराहा गया था। अब हॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर स्टीवन स्पीलबर्ग ने हाल ही में फिल्म 'इंटरस्टेलर' को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने क्रिस्टोफर नोलन की तारीफ की और कहा कि फिल्म उनके हाथों में आने के बाद 'काफी बेहतर'बन गई। एक इंटरव्यू में स्टीवन स्पीलबर्ग ने बताया कि फिल्म के शुरुआती दौर में वह करीब एक साल तक इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं 'इंटरस्टेलर' के साथ एक साल तक जुड़ा रहा। मुझे यह बहुत दिलचस्प लगा। मैं जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी भी गया, जहां मैंने वैज्ञानिकों और एयरोस्पेस इंजीनियर्स से लंबी बातचीत की।'उन्होंने आगे बताया कि जोनाथन नोलन ने फिल्म की शुरुआती स्क्रिप्ट पर काम किया था, लेकिन उनके निर्देशन में यह प्रोजेक्ट पूरी तरह बन नहीं पाया। स्टीवन स्पीलबर्ग ने एक दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि जोनाथन नोलन ने उनसे कहा था, 'अगर आप यह फिल्म नहीं बनाएंगे, तो मैं जानता हूं कौन इसे बनाएगा- मेरा भाई क्रिस्टोफर नोलन।'स्टीवन ने आगे कहा, 'जैसे ही मैंने यह फिल्म न बनाने का फैसला किया, क्रिस्टोफर नोलन ने तुरंत इसे संभाल लिया।'



# किंग ऑफ पॉप को दिया अपने स्टाइल का श्रेय


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने शुक्रवार को माइकल जैक्सन को श्रद्धांजलि देते हुए एक खास डांस वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इस वीडियो में टाइगर किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन के डांस स्टेप्स को करते नजर आ रहे हैं। यहां तक कि टाइगर ने उनके स्टाइल के कपड़े और हैट पहनी हुई है। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने पॉप गायक माइकल जैक्सन को याद करते हुए उनके मशहूर गाने 'बिली जीन' पर डांस किया। उन्होंने इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि माइकल जैक्सन ने उन्हें डांस की हर वह चीज सिखाई है, जो वे आज जानते हैं। इस वीडियो में टाइगर मूनवॉक और लेग शफल जैसे माइकल के प्रसिद्ध डांस स्टेप्स करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ टाइगर ने कैप्शन में लिखा, 'उन्होंने मुझे मूवमेंट के बारे में, स्टेज पर प्रेजेंस के बारे में और स्टेज को पूरा देने का मतलब क्या है।




# रामायण के बाद सिनेमाघरों में दस्तक देगी लव एंड वॉर

मुंबई। आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल की अदाकारी वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज डेट सामने आ गई है। यह फिल्म 'रामायण' के बाद रिलीज होगी। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट की है। इसमें रणबीर कपूर के साथ आलिया भट्ट, विक्की कौशल और संजय लीला भंसाली नजर आ रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है 'संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' 21 जनवरी 2027 को रिलीज होगी।' फैंस कयास लग रहे थे कि फिल्म 'लव एंड वॉर', 'रामायण' से पहले रिलीज हो सकती है। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' इस साल दिवाली से पहले अक्टूबर के आखिर में रिलीज हो सकती है। यह जानकारी फिल्म में रावण का किरदार निभा रहे यश ने दी है। इस साल दिवाली 6 नवंबर को है।

## टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने निकाला अनुपमा का दम

नई दिल्ली। बीएआरसी की 14वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ गई है और पता चल गया है कि इस हफ्ते किसी टीवी शो का डंका बजा, किसने राज किया और टॉप-5 से किसका पत्ता कटा। इस हफ्ते की टीआरपी रेटिंग में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। जहां कुछ शोज की टीआरपी बढ़ गई, वहीं कुछ की व्यूरअरशिप नीचे फिसल गई। चौंकाने वाली बात यह है कि रुपाली गांगुली का 'अनुपमा' इस 14वें हफ्ते में टॉप-3 से भी बाहर हो गया है। वहीं, पहले नंबर पर एक बार फिर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का राज है, जबकि हाल ही बरखा बिष्ट ने यह शो छोड़ दिया। इस हफ्ते पहले नंबर पर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' है। दर्शकों को मिहिर और नोइना की शादी का ट्रैक काफी पसंद आया। इसकी टीआरपी रेटिंग 2.0 है। दूसरे नंबर पर वसुधा है, जिसकी रेटिंग 1.9 है। यह टीवी शो तेलुगू टीवी सीरीज मुद्धा मान्दाराम का हिंदी रीमेक है और दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। इसमें अभिषेक शर्मा और प्रिया ठाकुर लीड रोल में हैं। वसुधा साल 2024 में शुरू हुआ था। तीसरे नंबर पर रवि दुबे और सरगुन मेहता का टीवी शो 'गंगा माई की बेटियां' हैं, जिसे दर्शक खूब प्यार दे रहे हैं। इस हफ्ते इसके टीआरपी रेटिंग 1.8 है। इसमें अमनदीप संधु, शीजान खान, सृष्टि जैन और शुभांगी लाटकर लीड रोल में हैं। यह टीवी शो साल 2025 में शुरू हुआ था। सबसे तगड़ा झटका रुपाली गांगुली के 'अनुपमा' को लगा है, जो फिसलकर चौथे नंबर पर आ गया है। यह काफी चौंकाने वाला भी है।

## मैं अपनी मर्जी से कन्वर्ट हुई : चाहत

**नई दिल्ली।** चाहत खन्ना ने इस्लाम धर्म को कुबूल करने पर एक बार फिर से अपनी बात रखी है। उन्होंने ये भी कहा कि अक्सर उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया जाता है। 'बड़े अच्छे लगते हैं' फेम चाहत ने अपनी शादी से पहले



इस्लाम धर्म अपनाने के अपने फैसले से लेकर इसके बाद पैदा हुई गलतफहमियों पर बातें कीं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि इस्लाम धर्म अपनाने का फैसला उनका अपना था। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ये उनका पर्सनल डिसिजन था। बता दें कि चाहत ने फरहान मिर्जा से शादी से पहले इस्लाम धर्म अपनाया था और फिर बाद में वो हिंदू धर्म में वापस लौट आईं। अपनी इस लेटेस्ट बातचीत में उन्होंने कहा कि उनकी बातों को अक्सर गलत संदर्भ में लिया जाता है, जिससे गलत खबरें फैलती हैं। चाहत खन्ना ने कहा, 'मैं सेक्युलर पर्सन हूं। मैं ईद और दिवाली दोनों ही सेलिब्रेट करती हूं। चाहे वो शादी के दौरान हो या बाद में, हां मैंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया था। कई लोगों ने कहा कि मुझे धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन मैंने ये बातें कभी कही ही नहीं।' खन्ना ने कहा कि वो हर धर्म में यकीन करती हैं।

# डायरेक्टर ने मुझे देखा और चिल्लाकर कहा- दफा हो जाओ

**मुंबई।** बेटे जुनैद खान की फिल्म के प्रमोशन के लिए आमिर खान ने कमान हाथ में ले ली है। इसके लिए उन्होंने खुद अपने उस 'एक दिन' का किस्सा सुनाया है, जिसने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव किया। उन्होंने आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वे कह रहे हैं, 'कभी कभी एक दिन काफी होता है, आपकी जिंदगी बदलने के लिए। यह उस वक्त की बात है जब मैं कॉलेज में था और प्ले में हिस्सा ले रहा था। प्ले की रिहर्सल दो-तीन महीने चली। इंटरकॉलेज कॉम्पिटिशन से तीन या चार दिन पहले एक रिहर्सल थी और मैं जा नहीं पाया। किसी पॉलिटिकल पार्टी ने महाराष्ट्र बंद का ऐलान किया हुआ था। अम्मी ने मुझे घर से निकलने नहीं दिया। अगले दिन जब मैं रिहर्सल पर पहुंचा तो डायरेक्टर ने मुझे देखकर गुस्से में कहा, 'गेट आउट'।

### उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी



मुझे जब प्ले से निकाला गया, तो जहां रिहर्सल चल रही थी, उसके सामने एक लॉन था। मैं वहां जाकर बैठ गया। बहुत अपसेट था। थोड़ी देर बाद मेरा दोस्त निरंजन थाणे आया। वह एफटीआई में स्टूडेंट था। उसके साथ कोई और भी था। थाणे ने मेरे से कहा कि यह मेरा दोस्त बंसल है। यह अपनी डिप्लोमा फिल्म बना रहा है, क्या तुम फ्री हो? उसमें एक्टिंग करनी है। मैंने कहा कि मैं अभी फ्री हुआ हूं। उसने कहा कि अभी के अभी पुणे जाना होगा, कल से शूटिंग है। मैं घर गया पैकिंग की और पुणे चला गया। उस फिल्म के बाद एक और स्टूडेंट था राजीव सिंह, जिसने मुझे अपनी डिप्लोमा फिल्म में लिया। केतन मेहता ने दूसरी फिल्म देखी और वो 'होली' बना रहे थे। होली में लिया। 'होली' फिल्म देखकर मंसूर और नासिर साहब को लगा कि इसमें बात है इसे 'कयामत से कयामत' में लिया जाए। उस एक दिन जब मुझे प्ले से निकाला गया, उस एक दिन ने मेरी जिंदगी बदल दी।

# हॉरर-कॉमेडी ने हंसाया-डराया, सोचने पर भी किया मजबूर

**नई दिल्ली।** सिनेमाघरों में अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला'रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म का क्लाइमैक्स दर्शकों को चौंकाता है, बहुत कुछ सोचने पर मजबूर करता है। बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जो हॉरर-कॉमेडी के जरिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं। इन फिल्मों में कोई ना कोई खास संदेश छिपा होता है।

### स्त्री ने उठाए कई सवाल

साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'स्त्री'ने दर्शकों को खूब हंसाया और डराया भी। साथ ही इस फिल्म ने समाज की दकियानूसी सोच से पर्दा भी उठाया। रूढ़ीवादी समाज प्रेम करने वाली एक स्त्री के साथ बुरा व्यवहार करता है, उससे उसका प्रेमी छीन लेता है। बाद में वह चूड़ैल बनकर सबसे बदला लेती। आखिर में फिल्म महिलाओं को सम्मान देने की बात करती है। इसी तरह 'स्त्री 2' में विलेन यानी सिरकटा की सोच आधुनिक लड़कियों के लिए रूढ़ीवादी किस्म की है। वह आधुनिक सोच वाली लड़कियों को अपना शिकार बनता है। इस फिल्म में सिरकटा, समाज की उस सोच का प्रतीक है।



### भेड़िया की कहानी में छिपा मार्मिक संदेश

वरुण धवन और कृति सेनन स्टारर हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भेड़िया' भी बढ़िया थी। इसने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। लेकिन यह फिल्म भी इंसान द्वारा पर्यावरण के शोषण की कहानी कहती है। फिल्म यही संदेश देती है कि हमें पर्यावरण के साथ संतुलन बिठाकर ही विकास करना चाहिए। जितना हक इस धरती पर हमारा है, उतना ही हक बाकी जीवों का भी है। यह फिल्म 2022 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने अच्छा कलेक्शन किया था।

### भूल भुलैया ने शुरू की नई बहस

अक्षय कुमार अभिनीत भूल भुलैया साल 2007 में आई थी। इस फिल्म में विद्या बालन, शाइनी आहुजा, परेश रावल, राजपाल यादव जैसे कलाकार थे। फिल्म पहले एक हॉरर-कॉमेडी लगती है। लेकिन, क्लाइमैक्स में यह एक साइकोलॉजिकल फिल्म बन जाती है। इस फिल्म में मेंटल हेल्थ, ट्रॉमा जैसे मुद्दों पर बात की गई है। इस फिल्म ने बताने की कोशिश की थी कि भूत-प्रेत का साया सच में नहीं होता है।

## थिएटर जाने का मन नहीं है तो घर बैठे भी होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर इस वीकएंड रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। सिनेमाघरों में 'भूत बंगला' सज गई है। लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी एंटरटेनिंग फिल्म लगी है, जिसे परिवार के साथ देखने की योजना बनाई जा सकती है। क्रिटिक्स से इसे मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली है। मगर, इस वीकएंड अगर थिएटर जाने का मन नहीं है, तो घर बैठे भी भरपूर मनोरंजन होगा।

### टोस्टर

राजकुमार राव और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म टोस्टर इस वीक ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इसे आप वीकएंड पर देख सकते हैं। यह एक डॉर्क कॉमेडी फिल्म है। राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर बीते 15 अप्रैल को रिलीज हुई।

### रूममेट्स

यह हॉलीवुड फिल्म है। इसमें दोस्ती के रिश्ते को दिखाया गया है। इसमें सैडी सैंडलर और क्लो ईस्ट मुख्य भूमिका में हैं। यह कॉमेडी फिल्म है, जो शुक्रवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।



**अल्फा मेल्स सीजन 5 और यूफोरिया सीजन 3:** इस वीक की ओटीटी लिस्ट में हॉलीवुड सीरीज 'अल्फा मेल्स' का पांचवां सीजन भी शामिल है। यह सीरीज 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध हो गई है। इसके अलावा वेब सीरीज'यूफोरिया सीजन 3 भी इस वीक रिलीज को तैयार है। तस्करी पर बेस्ड यह सीरीज को आप 19 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे।

### मार्गो गॉट मनी ट्रबल

यह सीरीज 20 साल की कॉलेज ड्रॉपआउट लड़की की कहानी पर बेस्ड है। इसमें लीड रोल एले फैनिंग ने अदा किया है, जो अपने नवजात बच्चे का पालन-पोषण करने के लिए कुश्ती का सहारा लेती है। रूफी थॉर्प के उपन्यास पर आधारित इस सीरीज में निकोल किडमैन और निक ऑफरमैन भी हैं। यह 15 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।

### दो दीवाने शहर में

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की यह फिल्म थिएटर्स के बाद अब ओटीटी पर भी आ गई है। फिल्म में इला अरुण, जॉय सेनगुप्ता और आयशा रजा मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन रवि उद्यावर ने किया है। यह फिल्म शुक्रवार 17 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### उस्ताद भगत सिंह

पवन कल्याण अभिनीत फिल्म उस्ताद भगत सिंह भी ओटीटी पर आ चुकी है। सिनेमाघरों में यह फिल्म धुरंधर 2 के साथ 19 मार्च को रिलीज हुई थी। मगर, बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसमें श्रीलीला और राशि खन्ना भी अहम किरदार में हैं। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' 16 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### 'मटका किंग'

मटका किंग निर्देशक नागराज मंजुले की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' काफी चर्चा में है। इसमें एक्टर विजय वर्मा लीड रोल में हैं। सीरीज में एक कपास व्यापारी के मटका किंग बनने के सफर को दिखाया गया है। मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। सीरीज में कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज शुक्रवार 17 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है।

### अस्सी

तापसी पन्नू और कनी कुश्रुति अभिनीत फिल्म अस्सी इस साल फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अगर आपने इसे थिएटर में नहीं देखा, तो अब ओटीटी पर देखने का सुनहरा मौका आ गया है। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया। इसकी कहानी को दर्शकों की खूब तारीफ मिली।

## खबर संक्षेप

### खेतों से केबल चोरी करने वाले गिरोह के तीन और सदस्य गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा संपत्ति चोरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने खेतों में बनी ढाणियों और मोटरों से बिजली केबल चोरी करने वाले गिरोह के तीन और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने जानकारी दी कि जनवरी 2026 में गगनदीप नामक किसान की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सिरसा निवासी बबलू, वकील उर्फ जगरूप और वीरपाल उर्फ वीर सिंह को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 5 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस ने आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### टेलीग्राम टास्क फ्रॉड के दो आरोपी राजस्थान से काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद साइबर क्राइम पुलिस ने टेलीग्राम के जरिए लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए राजस्थान से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 50 हजार रुपये की नगदी भी बरामद की है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे रतिया निवासी यसमीन अरोड़ा ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसे टेलीग्राम पर एक ग्रुप में जोडक़र रिव्यू टास्क के नाम पर पैसे कमाने का लालच दिया गया। आरोपियों ने पहले विश्वास जीता और फिर अलग-अलग किस्तों में कुल 7 लाख 26 हजार 452 रुपये ठग लिए। पुलिस ने इस मामले में तकनीकी जांच के आधार पर हनुमंत सिंह उर्फ शुभम और सावन वैष्णव दोनों निवासी जिला कोटा, राजस्थान को काबू किया है। इस मामले में पहले ही 6 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस अब ठगी की शेष राशि की रिकवरी के प्रयास कर रही है।

धरने की अध्यक्षता फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान विनोद खिचड़ ने की

# फायर कर्मियों की हड़ताल का दसवां दिन विधायक ने दिया कर्मचारियों को समर्थन

- मंच का संचालन अग्निशमन कर्मचारी संघ के राज्य सदस्य सतबीर सहारण ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद के अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आज 10वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे रहे। धरने की अध्यक्षता फतेहाबाद ब्लॉक प्रधान विनोद खिचड़ ने की, जबकि मंच का संचालन अग्निशमन कर्मचारी संघ के राज्य सदस्य सतबीर सहारण द्वारा किया गया।

आज धरना स्थल फतेहाबाद के विधायक बलवान दौलतपुरिया पहुंचे और उन्होंने हड़ताली कर्मचारियों का समर्थन किया। कर्मचारियों ने विधायक को ज्ञापन भी सौंपा। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि सरकार फायर कर्मचारियों के साथ बड़ा अन्याय कर रही है। फरीदाबाद में दो फायर कर्मियों की मौत पर संवेदना प्रकट करते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री को इन कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करना चाहिये और जो दो दमकल कर्मी आग बुझाते हुए शहीद हुए है उन्हें शहीद का दर्जा और परिवार की आर्थिक सहायता करनी चाहिए । आज धरना स्थल पर नगरपालिका कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उप-प्रधान रमेश तुषामड़, जिला प्रधान विजय ढाका ने शिरकत की। इन नेताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार फायर कर्मियों की मांगें नहीं मानती, उनका संगठन कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा रहेगा।



**फतेहाबाद।** विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया को ज्ञापन सौंपते फायर कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### बोले पूर्व जिला प्रधान

कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान सतबीर सहारण ने कहा किकर्मचारियों की नाराजगी का सबसे बड़ा कारण फरीदाबाद में हुआ हालिया अग्निकांड है। इस हादसे में ड्यूटी के दौरान दो फायर कर्मियों ने अपनी जान गंवा दी थी। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सरकार ने मृतक कर्मियों को अब तक शहीद का दर्जा नहीं दिया है। मृतक के परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया गया है।अन्य लंबित विभागीय मांगों पर सरकार का रवैया उदासीन बना हुआ है। उन्होंने सरकार शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है। गेहूं की कटाई के दौरान आगजनी का खतरा सबसे ज्यादा होता है, लेकिन सरकार कर्मियों की जायज मांगें पूरी करने के बजाय चुप्पी साधे बैठी है। आज धरने पर बैठे कर्मचारियों ने नारेबाजी कर सरकार के खिलाफ रोष जताया।



**फतेहाबाद।** छेड़छाड़ मामले में गिरफ्तार युवक। *फोटो : हरिभूमि*

# घर के अन्दर घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाला काबू

- पुलिस द्वारा आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एक नाबालिग बच्ची के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी टोहाना जयभगवान ने बताया कि एक महिला ने थाना सदर टोहाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि जब वह मेहनत-मजदूरी के लिए घर से बाहर गई हुई थी, तो पीछे से आरोपी ने मौका पाकर घर में अकेली रह रही उसकी नाबालिग भतीजी के साथ छेड़छाड़ की। बच्ची द्वारा शोर मचाने पर आरोपी उसे छोडक़र मौके से फरार हो गया था। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कदम उठाए। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। डीएसपी टोहाना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित दबिश देकर आरोपी दर्शन सिंह को काबू कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है और नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्यों के उपचुनाव के लिए किए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

## 10 मई को होगा मतदान, उसी दिन घोषित होंगे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला में पंचायती राज संस्थाओं के पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य आदि के रिक्त पदों पर आगामी 10 मई को होने वाले उप चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीडीपीओ बलजीत सिंह ने बताया कि पंचायत समिति ऐलनाबाद के वार्ड नंबर 19 के लिए एसडीएम ऐलनाबाद पारस भागोरिया को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा यहां के नामांकन पत्र खंड कार्यालय ऐलनाबाद में प्राप्त किए जाएंगे। पंचायत समिति औढां के वार्ड नंबर एक के लिए एसडीएम कालांवाली मोहित कुमार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा यहां के नामांकन पत्र खंड कार्यालय औढां में प्राप्त किए जाएंगे। इसी प्रकार पंचायत समिति सिरसा के वार्ड नंबर आठ के लिए एसडीएम राजेंद्र कुमार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा यहां के नामांकन पत्र खंड कार्यालय सिरसा में प्राप्त किए जाएंगे। इसी प्रकार खंड डबवाली की ग्राम पंचायत डबवाली के वार्ड नंबर आठ व 10 में पंच पद के चुनाव के लिए पीजीटी अश्वनी कुमार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है और यहां के नामांकन पत्र राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय डबवाली में प्राप्त किए जाएंगे।

#### चुनावों का यह रहेगा शैड्यूल

*चुनाव आयोग द्वारा जारी प्रक्रिया के अनुसार उम्मीदवार आगामी 21 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे तथा मतदान 10 मई को होगा। पंचायती राज संस्थाओं के लिए मतगणना मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद होगी या पुनर्मतदान की स्थिति में आवश्यकता अनुसार आगामी 12 मई को संपन्न की जाएगी। उम्मीदवार 21 अप्रैल से 25 अप्रैल (सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक) के बीच अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे से की जाएगी। उम्मीदवार 28 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 10 मई को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्त होते ही उसी दिन मतगणना शुरू कर दी जाएगी और परिणाम भी तुरंत घोषित किए जाएंगे।*

स्कोडा चालक के खिलाफ मामला दर्ज

# सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की एक महीने बाद मौत

- अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में करीब 30 दिनों तक चले उपचार के बाद रमेश कुमार जिंदगी की जंग हारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नेशनल हाईवे 9 हिसार रोड पर स्थित गांव खाराखेड़ी के समीप करीब एक महीना पहले स्कोडा कार की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान हिसार जिले के गांव असरावां निवासी रमेश कुमार के रूप में हुई है। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में करीब 30 दिनों तक चले उपचार के बाद रमेश कुमार जिंदगी की जंग हार गए। शुक्रवार को सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे रमन के बयान के आधार पर स्कोडा कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और आरोपी चालक के विरुद्ध आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इस बारे पुलिस को दी गई शिकायत में मृतक के बेटे रमन ने बताया कि 19 मार्च को उसके पिता रमेश कुमार अपने दोस्त से मिलने गांव खाराखेड़ी जा रहे थे। जब वे हाईवे पर एक स्कूल के पास पहुंचे, तभी गांव की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार स्कोडा कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रमेश कुमार मौके पर ही बेहोश हो गए। हादसे के बाद कार चालक ने ही एंबुलेंस बुलाकर उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। उस समय चालक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब घायल की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। रमेश कुमार की मौत से उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा रमन शामिल है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि बेटा रमन अभी अविवाहित है।





**ओढ़ां।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# मॉडल स्कूल बप्पां में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बप्पां में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सीबीएसई द्वारा घोषित10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने बताया कि विद्यालय का इस वर्ष परीक्षा परिणाम 99.09 प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा जसप्रीत कौर ने 93.8 प्रतिशत टॉप किया। इसके अतिरिक्त अंशिका (91.2 प्रतिशत, विनोद (84 प्रतिशत), मोहिनी (83.2 प्रतिशत, अनुजा (82.2 प्रतिशत) हरमनप्रीत (82 प्रतिशत) सहित कुल 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इन मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को कठोर परिश्रम करने का आह्वान किया।

ग्राम सरपंच ममता रानी व एसएमसी प्रधान सीता रानी ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। सरपंच प्रतिनिधि बंसी लाल ने विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत और विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मानित विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ-साथ पूर्व सरपंच हंसराज, हरपाल, प्रकाश सिंह, संदीप कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# एसडीएम ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण, मरीजों से लिया फीडबैक

## स्वास्थ्य सेवाओं पर जताया संतोष, व्यवस्थाओं और स्टाफ की कार्यप्रणाली का लिया जायजा

- बातचीत के दौरान मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं और देखभाल पर पूर्ण संतुष्टि जाहिर की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

एसडीएम आकाश शर्मा ने नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, जच्चा-बच्चा वार्ड और जनरल वार्ड का दौरा कर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। अस्पताल प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं और सुचारू कार्यप्रणाली पर एसडीएम ने संतोष व्यक्त किया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकाश शर्मा ने अस्पताल की जांच लैब, ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल बायो-वेस्ट प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली को भी बारीकी से देखा। उन्होंने अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों और उनके परिजनों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें दी जा रही दवाइयों और सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

बातचीत के दौरान मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं और देखभाल पर पूर्ण संतुष्टि जाहिर की। अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखते हुए एसडीएम ने सभी कर्मचारियों का हाजिरी रजिस्टर चेक किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को समय पर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मैटरनिटी और चाइल्ड वार्ड में मरीजों को प्रदान की जा रही बेहतरीन सुविधाओं को सही पाया।



**टोहाना।** नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करते एसडीएम आकाश शर्मा।





**सिरसा।** विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# लायंस क्लब एक्टिव ने बांटी स्टेशनरी

## राकेश सिंगला विशिष्ट अतिथि रहे

- प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रमन मेहता हर साल इस प्रकार का कैंप को लगाते हैं
- पूर्व रीजनल चेयरमैन लायन चरित्र नारंग ने सभी का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

लायंस क्लब सिरसा एक्टिव ने शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला-04 में 200 विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की। क्लब के प्रधान लक्की कटारिया ने बताया कि इस अवसर पर मारूति शोरूम के संचालक राकेश सिंगला विशिष्ट अतिथि थे। विद्यार्थियों को कॉपी, पैंसिल, रबड़-शॉपनर के साथ-साथ खाद्य सामग्री भी वितरित की गई। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन रमन मेहता हर साल इस प्रकार का कैंप को लगाते हैं। पूर्व रीजनल चेयरमैन लायन चरित्र नारंग ने सभी का आभार व्यक्त किया। स्कूल स्टाफ ने इस सेवा कार्य के लिए क्लब का आभार जताया। इस मौके पर राजेश नरूला, अंशुमन वर्मा, अमित सिंगला सहित अन्य क्लब सदस्य मौजूद थे।

# फतेहाबाद के विकास को लेकर मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने अपनी टीम के साथ चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा और खेल मंत्री गौरव गौतम से उनके निवास पर विशेष शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रवीण जोड़ा ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को फतेहाबाद जिले में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने जिले की जनता की प्रमुख मांगों को पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें आश्वस्त किया कि फतेहाबाद के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी और सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। मीडिया से बातचीत करते हुए प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश का हर जिला समान रूप से प्रगति कर रहा है। फतेहाबाद में सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि उन्हें समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में फतेहाबाद जिला विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रदेश के अग्रणी जिलों में अपनी पहचान बनाएगा।



**फतेहाबाद।** सीएम नायब सिंह सैनी से मिलते भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

**खरीद प्रक्रिया** बॉयोमेट्रिक प्रणाली को लेकर अब तस्वीर साफ होने लगी है

# बॉयोमेट्रिक प्रणाली : किसानों के लिए सुरक्षा कवच कालाबाजारी करने वालों पर नकेल : इन्द्र गावड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा अनाज मंडियों में गेहूं खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लागू की गई बॉयोमेट्रिक प्रणाली को लेकर अब तस्वीर साफ होने लगी है। मार्किट कमेटी फतेहाबाद के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्र गावड़ी का कहना है कि यह तकनीक किसानों के लिए नुकसानदेह नहीं, बल्कि उनके हक की रक्षा करने वाला एक 'सुरक्षा कवच' है। उन्होंने कहा कि जो लोग इस प्रणाली का विरोध कर रहे हैं, वे दरअसल किसानों के हितैषी नहीं, बल्कि वे हैं जिनकी कालाबाजारी की दुकान इस व्यवस्था से बंद हो गई है। मार्किट कमेटी वाइस चेयरमैन इन्द्र गावड़ी ने बताया कि जिले की मंडियों में गेहूं की आवक और खरीद का काम पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री स्वयं प्रतिदिन फसल खरीद कार्य की समीक्षा कर रहे हैं और जिला स्तर पर पल-पल की अपडेट ली जा रही है। नई व्यवस्था से किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए लंबी लाइनों या बिचौलियों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे। बॉयोमेट्रिक वेरिफिकेशन के कारण दूसरे राज्यों या अनाधिकृत क्षेत्रों से आने वाली फसल पर लगाम लगी है, जिससे स्थानीय किसानों को प्राथमिकता मिल रही है। नई नीतियों का विरोध करने वाले गुटों पर निशाना साधते हुए गावड़ी ने कहा कि कुछ निहित स्वार्थ वाले लोग अपनी 'दुकान' बंद होता देख बौखला गए हैं।

#### किसानों को गुमराह कर रहे



बॉयोमेट्रिक प्रणाली से केवल उन लोगों को दिक्कत है जो कागजों में हेराफेरी कर अवैध तरीके से फसल खपाते थे। अब जब तकनीक ने उनकी चोरी पकड़ ली है, तो वे अनाप-शनाप बयानबाजी कर भोले-भाले किसानों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए इन्द्र गावड़ी ने कहा कि सरकार की मेरी फसल-मेरा ब्यौरा योजना और बॉयोमेट्रिक लिंक होने से फसल का पैसा सीधा किसान के बैंक खाते में जा रहा है। तकनीक के इस्तेमाल से मंडियों में होने वाले फर्जीवाड़े और गेट पास की कालाबाजारी को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है।

**खबर संक्षेप**

## परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम कल

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण महासभा, जिला सिरसा द्वारा 19 अप्रैल को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया जा रहा है। महासभा के प्रधान सुशील शर्मा व महासचिव सुधीर सारस्वत ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि श्री तारा बाबा कुटिया के मुख्य सेवक गोबिंद कांडा शिरकत करेंगे, जबकि प्रतिनिधि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजकुमार शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल की सुबह 9.15 बजे भगवान श्री परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद सराहनीय कार्य करने वाले समाज के महानुभावों को पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## समय सारिणी में बदलाव पर जाम : सांझा मोर्चा

**सिरसा।** समय सारिणी में बदलाव को लेकर सांझा मोर्चा सिरसा की एक मीटिंग का सिरसा डिपो में हुई, जिसमें यूनियन ने कहा कि हिसार आरटीओ द्वारा मनमाने तरीके से हिसार-देहली की पुरानी चल रही समय सारिणी में बदलाव करके सरकार और रोडवेज विभाग को राजस्व का नुकसान पहुंचाने इरादे से धक्केशाही से चलाने का प्रयास किया जा रहा है। सुरेंद्र बैरागी, शेरसिंह खोड, आत्मा राम बैनीवाल सुरेंद्र निरानिया, पृथ्वी चाहर, अमरजीत, सतवीर कड़वासरा, भारतभूषण, जोधा सिंह, ने संयुक्त रूप से कहा कि सांझा मोर्चा, सिरसा इस फैसले का पुरजोर विरोध करता है।

## गोशाला में मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने मारपीट और तोडफ़ोड़ के एक पुराने मामले में चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने इनके पास से हमले में प्रयुक्त हथियार और वाहन भी बरामद किए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि जनवरी 2026 में गांव ठरवी निवासी मंगू ने शिकायत दी थी कि कुछ युवकों ने गौशाला में घुसकर उन पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला किया था। पुलिस ने ने ललित उर्फ शेरू, सुनील, अनूप और रिंकू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन डंडे, लोहे की रॉड व वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद की।

## नशीली गोलियों की तस्करी में मुख्य सप्लायर रिमांड पर

**फतेहाबाद।** थाना शहर टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी स्ट्राइक करते हुए प्रतिबंधित नशीली गोलियों के मुख्य सप्लायर को काबू किया है। आरोपी की पहचान नारायण दत्त निवासी जिला जींद के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 12 फरवरी को पुलिस ने निशान सिंह नामक युवक को 1180 अल्प्रोजोलम गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। रिमांड के दौरान निशान सिंह ने मुख्य सप्लायर नारायण दत्त का नाम उगला था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने आरोपी को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है, जिससे नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### 34 फतेहाबाद व 12 महिला टोहाना से हुई शॉर्ट लिस्ट

# जिले से 46 महिलाएं संसद की कार्यवाही देखने पहुंची दिल्ली





**फतेहाबाद।** संसद भवन की कार्यवाही के लिए रवाना हुई महिलाएं व हरियाणा भवन में प्रतिनिधिमंडल से मिलते पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल। *फोटो : हरिभूमि*

**जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ के नेतृत्व में रवाना हुआ महिलाओं का दल**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

जिले की 46 महिलाएं शुक्रवार को संसद भवन की कार्यवाही देखने के लिए भूना रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय से रवाना हुई। महिलाओं के दल को सुबह 5 बजे फतेहाबाद से दिल्ली के लिए रवाना किया गया, जिसके बाद दोपहर को यह जत्था हरियाणा भवन पहुंचा। इसके बाद दोपहर को यह महिलाएं संसद भवन पहुंची और महिला आरक्षण बिल पर संसद की कार्यवाही को देखा। इन महिलाओं को जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ के नेतृत्व में भेजा गया है। हरियाणा भवन में सांसद सुनीता दुग्गल ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

बता दें कि, महिला आरक्षण बिल के खास पल के लिए बीजेपी की ओर से कई लोकसभा क्षेत्रों से महिलाओं को संसद कार्यवाही दिखाने के लिए आमंत्रित किया गया है। फतेहाबाद जिले में नारी शक्ति वंदन अभियान की जिला संयोजक जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ को बनाया गया। इसके बाद महिलाओं से आवेदन मांगे गए। सारी प्रक्रिया के बाद 46 महिलाओं को शॉर्ट लिस्टिड करके सूची तैयार की गई है। इनमें 34 महिलाएं फतेहाबाद से जबकि 12 महिलाएं टोहाना से हैं।

### देश की महिलाओं के लिए एतिहासिक दिन

इस प्रतिनिधिमंडल में सिरसा लोकसभा की पूर्व सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता दुग्गल भी मौजूद रहीं। जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने कहा कि महिलाओं के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। इस बिल के पास होने से राज्य की विधानसभाओं और देश की लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा।

### दल में ये रही शामिल

फतेहाबाद से महिलाओं का जत्था भाजपा जिला कार्यालय से रवाना हुआ जबकि टोहाना से महिलाएं अलग जत्थे के रूप में दिल्ली के हरियाणा भवन पहुंची। हरियाणा भवन में पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की टीम इनके लिए सारी व्यवस्थाएं की। पहले इन महिलाओं को भोजन करवाया गया। इसके बाद खट्टर टीम द्वारा इनके पास की व्यवस्था की गई। हरियाणा भवन से दोपहर बाद सीधा इन्हें संसद भवन ले जाया गया। जहां दर्शक दीर्घा में बैठकर वे संसद की कार्यवाही को नजदीक से देखा। दिल्ली जाने वाली महिलाओं में जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़, सोनिया सचदेवा, भारती सचदेवा, भाजपा महिला जिलाध्यक्ष सुमन बजाज, नगर परिषद उप प्रधान सविता टुटेजा, पंचायत समिति चेयरपर्सन पूजा बरसीन और गुरप्रीत कौर, मनोनीत पार्षद पूनम सिंगला और वीना रानी, सरपंच सुनीता रानी और सुमन देवी के अलावा शिक्षा जगत से प्रोफेसर अमरजीत कौर, टीचर सिमरन कौर गिल, सोनिया और वंदना को चुना गया है। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की 5 सदस्य भी दिल्ली गई हैं। नगर परिषद की ब्रांड एंबेसडर सियाज पूनिया भी दल में शामिल हैं। बाकी बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं को मौका मिला है।

### पुलिस ने एक विशेष एडवाइजरी जारी की

# फर्जी हेली बुकिंग से हो रहे ठगी के शिकार: एसपी

- श्रद्धालु सरकार द्वारा जारी आधिकारिक वेबसाइट पर ही करें बुकिंग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**



एसपी दीपक सहारण।

आगामी 19 अप्रेल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठग नए-नए तरीकों से लोगों को निशाना बना रहे हैं। अब चारधाम यात्रा के नाम पर भी ऑनलाइन ठगी के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई हेलीकॉप्टर सेवा उन यात्रियों के लिए है जो पैदल यात्रा नहीं कर सकते, जिससे वे आसानी से गंतव्य तक पहुंच सकें। यह सेवा विभिन्न बेस कैंपों से संचालित होती है। हालांकि, कुछ असामाजिक तत्व फर्जी बुकिंग के जरिए लोगों को ठग रहे हैं, इसलिए जागरूकता और सावधानी बेहद जरूरी है।

### आकर्षक व अविश्वसनीय ऑफर से रहें सावधान

उत्तराखंड पुलिस द्वारा हरियाणा पुलिस को भेजे गए एक पत्र में भी इस प्रकार की फर्जी वेबसाइटों और ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति श्रद्धालुओं को जागरूक करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही यात्रा का शुभारंभ होता है, ठग सक्रिय हो जाते हैं और फर्जी वेबसाइटों तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं। ये शातिर ठग सरकारी वेबसाइटों से मिलते-जुलते नाम वाली नकली साइट तैयार कर लेते हैं, जिससे आमजन भ्रमित हो जाते हैं। विशेष रूप से हेलीकॉप्टर सेवा के नाम पर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं। ठग कम कीमत में हेली सेवा उपलब्ध कराने का लालच देकर लोगों को आकर्षित करते हैं और उनसे ऑनलाइन भुगतान करवा लेते हैं। इसी प्रकार सस्ते होटल बुकिंग ऑफर भी साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को ठगने का एक माध्यम बन चुके हैं। पुलिस ने कहा है कि किसी भी प्रकार के आकर्षक और अविश्वसनीय ऑफर से सतर्क रहें। सोशल मीडिया पर दिखाई देने वाले विज्ञापनों, लिंक या अनजान नंबरों के माध्यम से बुकिंग करने से बचें। केवल उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी आधिकारिक वेबसाइट पर ही पंजीकरण और बुकिंग सुनिश्चित करें। यदि किसी प्रकार की धोखाधड़ी का संदेह हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराएं।

# बिजली निगम के एक्सईएन का प्रजापति समाज ने किया नागरिक अभिनंदन

- अशोक वर्मा को दक्ष प्रजापति की प्रतिमा देकर किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**



**फतेहाबाद।** एक्सईएन अशोक वर्मा को सम्मानित करते प्रजापति समाज के लोग।

बिजली विभाग के कार्यालय में आज प्रजापति समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा नवनियुक्त एक्सईएन अशोक वर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मताना गांव के सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा और दौलतपुर के सरपंच संजय घासोलिया ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिनिधियों ने अशोक वर्मा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें गुरु दक्ष प्रजापति महाराज की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके कुशल कार्यकाल की कामना की और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में और सुधार होगा। समारोह में अमरनाथ वर्मा, तेलुराम वर्मा रिटायर्ड, भागचंद किरोड़ीवाल आदि रहे।

# पॉली -ग्रीन हाउस पर सरकार देगी 85% अनुदान

- सामान्य वर्ग के किसानों को मिलेगा 50 फीसदी सब्सिडी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

प्रदेश के किसानों के लिए संरक्षित खेती और वर्टिकल फार्मिंग को बढ़ावा देने, आधुनिक कृषि तकनीकों जैसे पॉली हाउस, ग्रीन हाउस और हाइड्रोपोनिक्स अपनाने वाले किसानों को उद्यान विभाग द्वारा 85 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके और वे बेमौसम सब्जियों व फलों का उत्पादन कर सकें। इन योजनाओं के तहत प्राकृतिक रूप से पॉलीहाउस, हाई-टेक ग्रीन हाउस, वॉक-इन टनल, शेड नेट हाउस, प्लास्टिक टनल, एंटी-इंसेक्ट नेट हाउस और बंबू/बेलन आधारित नेट हाउस जैसी संरचनाओं पर 50 प्रतिशत से 85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सामान्य वर्ग के किसानों को 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित वर्ग के किसानों को 85 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ मिलेगा, जबकि अनुसूचित जाति के भूमि पट्टा धारकों को 65 प्रतिशत तक सहायता दी जाएगी। अधिकतम अनुदान सीमा 2500 वर्ग मीटर तक निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, संरक्षित खेती से जुड़े अन्य आवश्यक घटकों जैसे एरोपोनिक्स यूनिट, हाइड्रोपोनिक इकाई, हाई-टेक नर्सरी, एंटी हेल नेट, बेड तैयार करने का सामान, मल्चिंग प्लास्टिक, ड्रिप इरिगेशन सिस्टम और प्लास्टिक टनल आदि पर भी 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

### वॉक इन टनल के लिए मिलेगी विशेष राशि

इन योजनाओं के माध्यम से किसानों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में सुधार संभव हो सके। सहायता योजनाओं में मधुमक्खी पालन, फसल संरक्षण, जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई तकनीकों को भी शामिल किया गया है। इसके तहत विभिन्न उपकरणों और सामग्रियों पर निर्धारित सीमा तक अनुदान दिया जा रहा है, जिससे किसानों का खर्च कम हो और उत्पादन लागत में कमी आए। विभाग द्वारा किसानों के लिए बड़े स्तर पर संरचनाओं के निर्माण जैसे पौधशालाओं में वॉक-इन टनल और नेट हाउस स्थापित करने के लिए भी विशेष अनुदान का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही पुराने पॉलीहाउस और नेट हाउस की मरम्मत व क्लैडिंग शीट बदलने के लिए भी 70 प्रतिशत तक की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे पहले से स्थापित संरचनाओं का पुनः उपयोग किया जा सके। जिला उद्यान अधिकारी दीन मोहम्मद ने बताया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोडना, उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाना और कृषि को अधिक लाभकारी बनाना है।

# लापता बुजुर्ग को डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने परिवार से मिलवाया

- 9 अप्रैल को फटेहाल अवस्था में डेरे के पास घूमता मिला था बुजुर्ग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने करीब एक महीने से लापता एक मंदबुद्धि बुजुर्ग को न सिर्फ सहारा दिया, बल्कि उसे उसके परिवार से सकुशल मिलवाकर मानवता का संदेश भी दिया। इस सराहनीय कार्य की खूब प्रशंसा हो रही है। बताया जा रहा है कि बीती 9 अप्रेल को करीब 50-55 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति फटेहाल अवस्था में डेरा सच्चा सौदा के आसपास घूमता मिला। वह पूरी तरह गुमसुम था और अपनी पहचान बताने में असमर्थ था। ऐसे में राजस्थान के सेवादार प्रताप पिलानी इन्सां और सुभाष इन्सां उसे अपने संरक्षण में लिया। सेवादारों ने उसे नहलाया-धुलाया और भोजन करवाकर उसकी देखभाल शुरू की। करीब चार दिन बाद बीती 13 अप्रेल को बुजुर्ग ने अपना नाम नारायण बाबाराव वागतकर जिला हिंगोली बताया। इसके बाद सेवादारों ने संबंधित थाना अखाड़ा बालापुर से संपर्क साधा। सूचना मिलते ही वीरवार रात को नारायण का बेटा तुकाराम, भतीजे सरजेराव और सीताराम सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा पहुंचे। अपने पिता को सुरक्षित देखकर तुकाराम भावुक हो उठा और उसकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े।

# मिड-डे मील बजट न मिलने से शिक्षकों में रोष, शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- पिछले तीन-चार महीनों से राशन के लिए नहीं जारी हुआ बजट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**



**फतेहाबाद।** खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

मिड डे मील का बजट न मिलने से शिक्षकों में काफी रोष है। इस समस्या को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ फतेहाबाद का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को खंड प्रधान हरपाल हुड्डा के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने स्कूलों में मिड-डे मील योजना को सुचारू रूप से चलाने में आ रही भारी दिक्कतों से प्रशासन को अवगत करवाते हुए इसका तुरंत समाधान करने की मांग की। खंड सचिव मुरारी लाल ने बताया कि पिछले तीन-चार महीनों से मिड-डे मील के लिए राशन और कुकिंग कॉस्ट सफाई, मजदूरी आदि की राशि जारी नहीं की गई है। स्थिति यह है कि जनवरी से अप्रैल 2026 तक का कोई भुगतान नहीं हुआ है, जिससे बच्चों के लिए भोजन तैयार करना मुश्किल हो गया है। मौके पर राजेश गोठड़ा, गुरदयाल सिंह, दलवंती नैन,उप प्रधान डॉ. नीतू डूडेजा आदि मौजूद रहे।

# रतिया मंडी के पास बने गोदाम में युवक का शव मिलने से सनसनी

- गोदाम से तेज दुर्गंध आने पर हुआ लोगों को संदेह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया**

अनाज मंडी के समीप बने गोदामों के पास आज सुबह एक लगभग 28-29 वर्षीय युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार, गोदामों के पास से तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ। जब कुछ लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने झाडियों में एक युवक का शव पड़ा देखा। युवक की कमीज उतरी हुई थी, जबकि उसने पैंट पहनी हुई थी । घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर रतिया के नागरिक अस्पताल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। इस संबंध में शहर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर पुष्पा सिहाग ने बताया कि पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और शव की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों पर सूचना भेजी है। इंस्पेक्टर सिहाग ने बताया कि युवक की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। यदि निर्धारित समय तक शव की पहचान नहीं होती है, तो उसका पोस्टमार्टम करवा कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# दिनेश बगडिय़ा बने ग्रैपलिंग कमेटी भारतीय कुश्ती संघ के जिलाध्यक्ष



**सिरसा।** वरदान ब्लड बैंक के सदस्य दिनेश बगडिय़ा को ग्रैपलिंग कमेटी भारतीय कुश्ती संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर दिनेश बगडिय़ा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री गौरव गौत्तम, हरियाणा ओलंपिक संघ अध्यक्ष जसविंद्र मीनू बेनीवाल, ग्रेपलिंग कमेटी के राष्ट्रीय चैयरमेन दिनेश कपूर, ग्रेपलिंग कमेटी हरियाणा के अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया का आभार व्यक्त किया। बगडिय़ा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। वे इस जिम्मेदारी को तन-मन-धन से निभाने का प्रयास करेंगे।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

## सेमिनार में छात्रों को किया साइबर सुरक्षा पर जागरूक

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दूरसंचार विभाग के सहयोग से टैगोर एक्सटेंशन थिएटर में साइबर सुरक्षा एवं टेलीकम्यूनिकेशन डिपार्टमेंट द्वारा शुरू किए गए इनीशिएटिव विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार तथा दूरसंचार संबंधी पहलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में एलएसए के अतिरिक्त डीजीटी राधाचरण शाक्य मुख्यातिथि जबकि अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश रोहिल ने की। सचिन लांबा ने साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान देते हुए फिशिंग, डिजिटल धोखाधड़ी, पहचान की चोरी तथा सोशल इंजीनियरिंग जैसे खतरों से बचाव के उपाय बताए।

### स्कूल बंद करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने गठित की कमेटी

# सिरसा में बिना मान्यता चल रहा स्कूल, नोटिस जारी

**अभिभावक मान्यता प्राप्त स्कलों में दिलाए अपने बच्चों को दाखिला**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौपटा**

नाथूसरी चौपटा क्षेत्र के गांव बकरियांवाली में बिना मान्यता के निजी स्कूल चल रहा है। स्कूल में बच्चों को पढ़ाई करवाई जा रही है। स्कूल संचालक को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा नोटिस भेजा गया है। इसी के साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सांई ने स्कूल बंद करवाने के लिए कमेटी गठित कर दी है। जो जल्द ही स्कूल को बंद करवाने का कार्य करेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने




अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि मान्यता प्राप्त स्कूल में ही अपने बच्चे को दाखिला दिलाने का कार्य करें। इसके लिए मान्यता के बारे में पता कर लें।

### नाम इंटरनेशनल, पर मान्यता है नहीं

गांव बकरियांवाली में बिना मान्यता के एस. आर इंटरनेशनल स्कूल चलाया जा रहा है। स्कूल संचालक को पिछले साल भी दो बार नोटिस जारी किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बिना मान्यता स्कूल चलाने की फिर से सूचना मिली। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह व गुडियाखेड़ा खंड के कलस्टर समन्वयक उमेद सिंह ढाका ने 13 अप्रैल को औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान स्कूल में पहली से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाई करवाई जा रही थी। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ने नोटिस जारी करने के साथ जिला शिक्षा अधिकारी सुनिता साई को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया।

### सरपंच को साथ लेकर स्कूल बंद करने का कार्य करेगी कमेटी

गांव बकरियांवाली में बिना मान्यता के चल रहे स्कूल को बंद करवाने के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी सतवीर सिंह ढिडारिया ने जिला शिक्षा अधिकारी सुनिता साई को पत्र लिखा। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल को बंद करवाने के लिए कमेटी गठित कर दी है। गठित कमेटी गांव के सरपंच को साथ लेकर स्कूल को बंद करवाने का कार्य करेगी।

### स्कूल में चारदीवारी व शौचालय नहीं

एसआर इंटरनेशनल स्कूल का जिला शिक्षा मौलिक अधिकारी ने भी पहले निरीक्षण किया था। इस दौरान स्कूल में मान्यता के लिए सही व्यवस्था नहीं मिली। स्कूल की चार दीवारी नहीं है, वहीं स्कूल में शौचालय की सही व्यवस्था नहीं मिली। गांव बकरियांवाली में एसआर स्कूल बिना मान्यता के चलाया जा रहा है। स्कूल को नोटिस जारी कर दिया है। स्कूल को बंद करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने कमेटी गठित कर दी है।

- सतवीर सिंह ढिडारिया, खंड शिक्षा अधिकारी, नाथूसरी चौपटा।